हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अक्टूबर 2025

04 सतपुडा संकुल से विदा हुए सात कार्मिकों को मुख्य ...



07 शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ....





## खबर संक्षेप

### चिन्हित किए 103 आदि सेवा केंद्र

**हरदा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के चयनित 103 ग्रामों में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आदेश जारी कर आदि सेवा केन्द्र चिन्हित कर केन्द्र प्रभारी नियुक्त किये है। कलेक्टर जैन ने निर्देश दिये है कि सेवा केन्द्र प्रभारी ग्राम स्तर पर रणनीति विकसित करेंगे तथा गेप एनालिसिस एवं लाईन विभागों के साथ समन्वय करते हुए समस्याओं का समाधान ग्राम स्तर पर इन केन्द्रों के माध्यम से करें।

### जिला शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त

**हरदा।** आयुक्त खाद्य नागरिक आपपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया को जिला शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किया गया है। हितग्राही पात्रता पर्ची, राशन मध्यान्ह भोजन एवं आंगनवाड़ी से खाद्यान्न न मिलने संबंधी अथवा उन सेवाओं से संबंधित संतुष्टि न होने की स्थिति संबंधी शिकायत जिला शिकायत निवारण अधिकारी के पास दर्ज करा सकते है।

### 24 घंटों में जिले में 22.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 22.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 29.2 मि.मी., टिमरनी में 15.4 मि.मी., खिरकिया में 30.2 मि.मी., सिराली में 29.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 9.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1208 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1093.8 मि.मी., टिमरनी में 1328.9 मि.मी., खिरकिया में 1299.7 मि.मी., सिराली में 1241 तथा रहटगांव में 1077 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 4 अक्टूबर तक 1047.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### निशुल्क शुगर व हार्मोन परीक्षण शिविर आज

**सोहागपुर।** मधुमेह और हार्मोन की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते नागरिकों को आज सुअवसर मिलेगा, जब ग्राम करनपुर में डॉ. सचिन्स 360 डिग्री डायबिटीज केयर द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया निवासी करनपुर ने बताया कि शिविर में शुगर और हार्मोन संबंधी जांच एवं परामर्श निशुल्क करवा सकते हैं। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और मधुमेह पर नियंत्रण रखने के लिए प्रेरित करना है।

### भावांतर की जानकारी देकर समर्थन लेने में जुटा प्रशासन

# विधायक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भावांतर योजना की जानकारी दी

## कलेक्टर बोले योजना से किसानों को नुकसान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शनिवार को विधायक हरदा डॉ. आर. के. दोगने सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भावांतर योजना की जानकारी दी। कलेक्ट्रेट के सभागृह में आयोजित बैठक में कलेक्टर जैन ने बताया कि किसानों का कल्याण मध्य प्रदेश सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना लागू की गई है। इस योजना से किसानों को घाटा नहीं है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन का एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की है। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष सोयाबीन के किसानों को भावांतर का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत किसान पहले की भांति मंडियों में सोयाबीन का विक्रय करेगा। अगर एमएसपी से कम कीमत पर सोयाबीन बिकता है तो किसानों के घाटे की भरपाई भावांतर योजना के तहत सरकार द्वारा की जाएगी। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे सरकार देगी। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। बैठक में महेंद्र सिंह, दशरथ पटेल, संजय साध, राहुल पटेल, संतोष सिंह किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में भावांतर के संबंध में जनप्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान भी किया।



### विधायक और जिलाध्यक्ष को दी जानकारी

अनुविभागीय अधिकारी हरदा अशोक डहेरिया की अध्यक्षता में शनिवार को कृषि उपज मण्डी समिति हरदा में भावांतर योजना की जानकारी देने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं किसान संघ के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषक संघ के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 3 से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। किसानों को योजना से मिलने वाले लाभ के सम्बन्ध में भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इस दौरान विधायक डॉ.आर.के. दोगने, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, कृषि समिति के सभापति ललित पटेल, किसान संघ के प्रतिनिधि एवं कृषि उपज मण्डी समिति हरदा के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने दिया आश्वासन

## 7 किमी मार्ग के जर्जर होने के विरोध में धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

ग्राम झाड़बीड़ा में शनिवार को ग्रामीणों ने झाड़बीड़ा से रहटगांव तक 7 किलोमीटर मार्ग के जर्जर होने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कर रहे एक ठेकेदार के डंपरों के आवागमन से यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। टिमरनी एसडीएम संजीव कुमार नागू ने मौके पर पहुंचकर सात दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान तहसीलदार देव शंकर धुर्वे, और थाना प्रभारी मनोज दुबे भी उपस्थित थे। ग्रामीणों के अनुसार, झाड़बीड़ा से रहटगांव तहसील मुख्यालय तक जाने वाला यह मार्ग पूरी तरह टूट चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ होने के कारण किसानों को अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मंडी जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों के गड्ढों में फंसने और स्कूल जाने वाले बच्चों के भी सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत इस मार्ग के रखरखाव का टेंडर होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं हो रहा था। झाड़बीड़ा से जिनवानी तक 3 किलोमीटर मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार के डंपरों द्वारा सामग्री ले जाने से झाड़बीड़ा से रहटगांव मार्ग पूरी तरह से खराब हो गया। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम नागू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क की मरम्मत के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले सात दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों द्वारा उठाई गई दो अन्य समस्याओं की जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों ने अन्य मांगें भी रखीं। इनमें झाड़बीड़ा से रहटगांव को जोड़ने वाली 7 किलोमीटर सड़क को नई, चौड़ी और पक्की सड़क में बदलने, झाड़बीड़ा से पड़वा मार्ग का सीमांकन और अर्थ वर्क कराने, झाड़बीड़ा ग्राम से मुक्ति धाम तक सड़क बनाने और निर्माणाधीन झाड़बीड़ा से जिनवानी मार्ग की गुणवत्ता की जांच तथा गांव में चौक-चौराहों का व्यवस्थित निर्माण शामिल है।

### शहर के व्यापारी पंकज गिल्ला जैन का हुआ देहांत

## बेटियों ने दी पिता को मुखाग्नि भावुक हो गए उपस्थितजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी गिल्ला जैन परिवार से संबंधित व्यापारी पंकज गिल्ला जैन का शुक्रवार रात देहांत हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर किया गया। इस दौरान स्वर्गीय जैन की पुत्रियों ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। जैन समाज एवं सोहागपुर व्यापारी संघ से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वर्गीय पंकज जैन सोहागपुर व्यापारी संघ एवं जैन समाज के सक्रिय सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं में सम्मिलित थे।

लगभग 50 वर्षीय पंकज जैन स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्वर्गीय हजारीलाल जैन के पोते थे। शुक्रवार रात भोपाल में इलाज दौरान पंकज जैन के देहावसान पर समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात उनकी पार्थिव देह सोहागपुर लाई गई व शनिवार दोपहर जमनी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया है। इस अवसर पर उनकी दोनों पुत्रियां पूर्वी जैन एवं प्रज्ञा जैन सहित



भतीजे प्रखर जैन ने उन्हें मुखाग्नि प्रदान की। इस दौरान सभी उपस्थितजन भावुक हो उठे। स्वर्गीय पंकज जैन के अंतिम संस्कार के पूर्व शहर का समूचा बाजार बंद रखा गया। क्षेत्रवासियों ने स्वर्गीय जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### नर्मदा घाटों पर किया मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

## 'विसर्जन को मां चली'.. गीत सुनकर भावुक हुए देवीभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शारदीय नवरात्र पर्व शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थापित माता की प्रतिमाओं के भवय चल समारोह मुख्य मार्गो से निकाले गए। इस दौरान बजाए जाते भजन 'विसर्जन मां चली'. को सुनकर मां दुर्गा के भक्तजन भावुक होकर रोते नजर आए। सुबह से नर्मदा घाटों पर शुरू हुआ विसर्जन का क्रम देर शाम तक जारी रहा। चल समारोहों दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं विसर्जन दौरान भी सुरक्षार्थ पुलिस, राजस्व विभाग एवं अन्य शासकीय एजेंसियों के अधिकारी व कर्मचारी दिनभर सक्रिय दिखाई दिए।





### विजयादशमी पर रघुवंशी समाज ने किया सामूहिक शस्त्र पूजन

विजयादशमी पर क्षेत्रीय रघुवंशी समाज ने शस्त्र पूजन आयोजन किया। जिसमें रघुवंशी समाज के नागरिक उपस्थित हुए। नया बस स्टैंड परिसर में श्री हरिओम बाबा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा प्रांगण में यह आयोजन किया गया। आयोजन अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की सोहागपुर तहसील शाखा के द्वारा किया गया था। जिसमें सोहागपुर एवं पिपरिया तहसील क्षेत्र से बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज के नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में परंपरा अनुसार विजयादशमी पर शस्त्रों का पूजनकर एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गई। समाज के वरिष्ठों ने सामाजिक एकता की बात कहते हुए सभी युवाओं से एकजुटता के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

### कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

## विद्यार्थियों को कोडिंग फॉर एवरीवन ट्रेनिंग से जोड़ें



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शनिवार को किशोर कुमार सभागृह में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में प्राचार्यों को निर्देश दिए कि स्कूलों के अधिकतम विद्यार्थियों को कोडिंग फॉर एवरीवन निशुल्क ट्रेनिंग से जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी तकनीकी रूप से सक्षम बनें, इसके लिए प्रत्येक स्कूल इस पहल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने प्राचार्यों से कहा कि विद्यार्थियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़कर प्रत्येक विद्यार्थी से एक पौधा लगवाया जाए तथा उसकी सिंचाई और संरक्षण का संकल्प दिलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थी श्रमदान कर गांव में चार से पांच स्थानों पर बोरी बंधान संरचना तैयार करें, जिससे वर्षा का पानी व्यर्थ न बहे और भूजल स्तर में सुधार हो। उन्होंने आगे कहा कि सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के भवनों सहित शिक्षकों और प्राचार्यों के निवास स्थलों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए।

कलेक्टर ने इस माह अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में आयोजित होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए, ताकि विद्यार्थियों में शतरंज के प्रति रुचि बढ़े। कार्यक्रम के अंत में कोडिंग फॉर एवरीवन ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### आज टिमरनी, 12 को हरदा में होगी स्वयंसेवकों की कदमताल

**हरदा।** टिमरनी नगर के 3 व हरदा में 12 स्थानों से निकलेंगे संचलन, हरदा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानि आरएसएस द्वारा 5 अक्टूबर रविवार को टिमरणी नगर के 3 स्थानों पर संचालन निकाला जाएगा। उधर हरदा में निकलने वाला संचलन अब 12 अक्टूबर को निकलेगा। हरदा शहर में 12 स्थानों से पथ संचलन निकाला जाएगा। अलग अलग स्थानों से निकलने वाले इन पथ संचलनों में इस बार सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल होने जा रहे हैं। इस बार शताब्दी वर्ष को लेकर संघ परिवार में जबरदस्त उत्साह हैं। ये उत्साह आरएसएस की गणवेश की उपलब्धता में नज़र आ रहा हैं। शताब्दी वर्ष के निमित्त इस बार नए स्वयंसेवक जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया हैं। इसके लिए बीते एक महीने से स्वयंसेवक घर-घर दस्तक दे रहे हैं। लक्ष्य बनाया है कि समाज के हर वर्ग, हर हिस्से से समाज बंधुओं की सहभागिता पथ संचलन में हो। बड़ी संख्या में नए स्वयंसेवक आरएसएस से जुड़े हैं। इसके लिए अब शाखाओं पर पथ संचलन के अभ्यास शुरू हो गए हैं। टिमरणी में 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से नगर में पथ संचलन आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन तीन प्रमुख बस्तियों से एकसाथ प्रारंभ होकर मोर वाली बिल्डिंग पर संगम करेगा। विवेकानंद बस्ती का संचलन गीता गार्डन से प्रारंभ होगा, केशव बस्ती का संचलन गुर्जर छात्रावास से और माधव बस्ती का संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से होगा, केशव बस्ती एवं माधव बस्ती के संचलन का मिलन नवीन पाषाण जैन मंदिर पर होगा।

### विधायक ने स्वीकृत कराई उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि

**सोहागपुर।** सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री मप्र शासन से मिलकर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से कई हितग्राहियों को उपचार हेतु राशि स्वीकृत कराई है। विधायक कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार संदीप पुर्विया पिता हरिबाबू पुर्विया ग्राम करनपुर तहसील सोहागपुर को 50 हजार रुपये, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत पिता कमल सिंह राजपूत ग्राम सांगाखेड़ा खुर्द तहसील माखननगर को 50 हजार रुपये, राममोहन मीना पिता दौलतराम मीना ग्राम बुधवाड़ा तहसील माखननगर को 45 हजार रुपये, यश मीना पिता नानकराम मीना ग्राम कोंडरवाड़ा तहसील माखननगर को 40 हजार रुपये, सत्यम अहिरवार पिता नारायण सिंह अहिरवार ग्राम काजलखेड़ी तहसील सोहागपुर को 30 हजार रुपये, जगदीश पिता गोविंदराम रघुवंशी निवासी जवाहर वार्ड सोहागपुर को 30 हजार रुपये, विध्या बाई रमेश कुमार ग्राम कुठारिया तहसील माखननगर को 25 हजार रुपये, पुनीत यादव पिता नानकराम यादव पाटनी तहसील माखननगर को 25 हजार रुपये, कमल किशोर कुशवाहा पिता करोड़ीलाल कुशवाहा ग्वालटोली नर्मदापुरम्‌को 25 हजार रुपये, निखिल दिशोर पिता मुकेश दिशोर आंखमऊ माखन नगर को 20 हजार रुपये, हल्की बाई पुर्विया पति विशाल सिंह पुर्विया ग्राम भटगांव तहसील सोहागपुर को 20 हजार रुपये, शैलेन्द्र सिंह तोमर पिता मोरसिंह गजपुर को 20 हजार रुपये, रामकिशोर यादव पिता रामरतन यादव ग्राम पथरई खेड़ा को 15 हजार रुपये उपचार कराने हेतु राशि स्वीकृत की गई है।

### घायलों के परिजनों से कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है

# मंत्री शाह ने घायलों से की मुलाकात, सहायता राशि के चेक दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शनिवार सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटना में घायल मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने घायल मरीज सोनू, मंजुला और राजेश को रेड क्रॉस से तात्कालिक आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। मंत्री ने घायलों के परिजनों से कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और



दुर्घटना प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। मुलाकात के दौरान घायल सोनू और मंजुला ने बताया कि उन्होंने दसवीं कक्षा पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। इस पर मंत्री शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों बालिकाओं को छात्रावास में प्रवेश दिलाकर उनकी पढ़ाई दोबारा शुरू कराई जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला को निर्देशित किया कि जनजातीय कार्य विभाग के सभी स्कूलों और छात्रावासों में रुक जाना नहीं योजना की जानकारी प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाए, ताकि विद्यार्थी असफल होने पर भी पुनः परीक्षा देकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

### जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया

मंत्री शाह ने जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण भी किया। भ्रमण के दौरान परिसर में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और डीन संजय दादू को निर्देश दिए कि परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही अधीक्षक रंजीत बडोले, सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल और डीन संजय दादू को निर्देशित किया कि अस्पताल का नियमित निरीक्षण करें और मरीजों की समस्याओं का तत्काल समाधान करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी जुगतावत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबे ट्रक ड्राइवर का शव मिला, नहाते समय हुआ हादसा



**बैतूल।** शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक तालाब में डूब गया। युवक का शव शनिवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू अभियान के दौरान बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर कैलाश धोटे (28) पिता माधवराव धोटे मूर्ति विसर्जन से पहले तालाब में नहाने उतरे थे। कोटवार महेश ने बताया कि युवक नशे की हालत में था और उन्होंने उसे पानी में उतरने से मना किया था। युवक कुछ समय पानी में दिखाई दिया, लेकिन जब बाकी लोग तालाब से बाहर चले गए, तो वह वापस नहीं निकला। उसकी चप्पल किनारे पर पड़ी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया, तहसीलदार ऋचा कौरव, थाना प्रभारी राजेश सातनकर, राजस्व अमला और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुक्रवार देर रात तक खोजबीन की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाश रोकनी पड़ी। शनिवार सुबह एसडीआरएफ के गोताखोरों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक का शव निकाल लिया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन, पुरुषों को मिला पोषण चैंपियन सम्मान




**बैतूल।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण के अंतर्गत सेक्टर बैतूल-2 के आंगनबाड़ी केंद्र लापाझिरी में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 16 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। पोषण माह की थीम के अनुसार इस अवसर पर पोषक देखभाल करने वाले पुरुषों को पोषण चैंपियंस के रूप में सम्मानित किया गया। उनकी प्रेरणादायक कहानियां सोशल मीडिया पर साझा कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपसरपंच जितेंद्र रावत, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अखिलेश पवार, पंच श्रीमती सोना पवार, भूतेबाई काकोडय़ाि, स्वास्थ्य विभाग की टीमझ्र एलएचवी किरण अहिरवार, सीएचओ रीता दरवाई, एएनएम ममता टीकम और आशा कार्यकर्ता कांता काले का विशेष योगदान रहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ललिता हजारे, श्रीमती गीता गंगारे, श्रीमती फुलमत दोबारे, सुश्री शारदा अकोदिया एवं सहायिका बाया बाई ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## खुले में विचरण कर रहे बीमार मवेशी, दूसरे पशुओं में संक्रमण फैलने की

# बैतूल जिले में बढ़ रहा लम्पी वायरस का खतरा, पशु पालक एवं आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में भी लम्पी वायरस का खतरा दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहा है। हालांकि पशु पालन विभाग के अनुसार अभी तक बैतूल ब्लाक में मात्र चार पशुओं में ही लम्पी वायरस के लक्षण मिले है, जिनका वैक्सीनेशन एवं उपचार शुरू भी कर दिया गया है और वह पशु लगभग ठीक भी हो चुके है, लेकिन सावधानियां नहीं बरती गई, तो लंपी वायरस के केस बढने में समय नहीं लगेगा। दरअसल यह आशंका इसलिए भी व्यक्त की जा रही है, क्योकि शहर में पूर्व की भांति पशु सडक़ो पर झुंड बनाकर विचरण कर रहे है। पशु मालिकों द्वारा भी अपने मवेशियों पर इस बीमारी को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा और नगरपालिका ने अब तक सडक़ों पर घूमने वाले ऐसे मवेशियों की रोकथाम या पशु मालिकों को हिदायत देने कोई पहल नहीं की है, जिससे ऐसे पशु सीमित क्षेत्रों में ही रहे। लिहाजा शहर की सडक़ें और चौराहे मवेशियों के हवाले है। हालात यह हो गई है कि मवेशी रोड पर खुले में भटकते हैं। और लंपी वायरस के खतरे ने आमजनता की चिंता और भी बढ़ दी है। लेकिन फि र भी नगरपालिका द्वारा ऐसे मवेशियों का पता लगाकर उन्हें पकक़र गौशाला या संस्थागत स्थान पर पहुंचाने का अभियान जोरशोर से शुरू नहीं किया है।

### पशुओं के मालिक सड़कों पर छोड़ देते हैं मवेशी

पशु मालिकों द्वारा मवेशियों का ध्यान नही रखा जा रहा है। जिसके चलते मवेशी सडक़ों पर ही झुंड के रूप में विचरण कर रहे है। इनमें भी लम्पी संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है।



पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. सुरजीत सिंह चौहान का कहना है कि यदि लंपी वायरस से ग्रसित पशु के संपर्क में दूसरे मवेशी आते है तो यह एक-दूसरे में तेजी से फैलता है। इसलिए सावधानी रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रायः पशु को दूसरे पशु के संपर्क में आने से बचायें और लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाये। सावधानी से ही लंपी वायरस को हराया जा सकता है, लेकिन पशु मालिक पशुओं को बांधकर रखने के बजाये उन्हें खुले में छोड़ रहे है, इससे लंबी वायरस का खतरा और बढ़ गया है।

### गोशाला में छोड़ना भी चुनौती भरा

लगातार मवेशियों का शहर की तरफ बढने से इन मवेशियों को गौशाला में एक साथ भेजना भी नगरपालिका के लिए चुनौती भरा कार्य है, क्योंकि आवारा पशुओं को गौशाला भेजा जाता है तो गौशाला के अन्य मवेशियों में लंपी वायरस फैलने का खतरा मंडराने लगेगा। जिसे देखते हुए शहर के जागरूक गौ सेवकों ने नगरपालिका से आवारा मवेशियों के लिए उचित स्थान तलाशने और आइसोलेशन सेंटर बनाने की मांग की, ताकि यदि कोई संक्रमित मवेशी मिलता है तो उसे उचित स्थान पर ले जाकर इलाज कराया जा सके, जिससे सडक़ों पर जमा मवेशियों की सुध ली जा सके और लंपी वायरस का खतरा भी कम हो जायेगा।

### इनका कहना

जिले के बाउंड्री एरिया में जहां-जहां से लम्पी वायरस आने की संभावना है, वहां सभी जगह टीकाकरण करवाया गया है। अभी तक कुल 90 हजार पशुओं का टीकाकरण हो चुका है, जबकि हमें 50 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य मिला था। इसके साथ ही पशु पालकों को भी लंपी वायरस के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**सुरजीत सिंह चौहान,**
उपसंचालक पशुपालन विभाग जिला बैतूल

### अभी तक 90 हजार पशुओं का किया वैक्सीनेशन

पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. सुरजीत सिंह चौहान ने बताया कि बैतूल ब्लाक के मलकापुर और बुंडाला में लंपी वायरस के चार मवेशी मिले थे। लंपी वायरस की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक करीब 90 हजार पशुओं का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जबकि हमें 50 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य मिला था। इसके अलावा विभाग द्वारा पशु मालिकों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह लंपी वायरस के लक्षण दिखते ही तत्काल पशु को अन्य मवेशियों से दूर रखे और उपचार कराये। पशुपालन विभाग की ओर से डॉ. सुरजीत सिंह चौहान ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पशु पालकों से अपील की है कि यदि लंपी वायरस के पशु दिखाई पड़ते है तो 1962 टोल फ्री नंबर पर सूचना दें, ताकि पशुओं का उपचार तथा टीकाकरण किया जा सके।

### लम्पी वायरस के यह है लक्षण

यह बीमारी खासतौर पर गौवंशीय पशुओं में होती है। शुरुआती लक्षण में तेज बुखार, कंपकंपी, चारा न खाना, बेचैनी और इसके 3-4 दिन बाद शरीर पर गांठें और फ ोड़े निकल आते हैं। इसका असर यह होता है कि दुधारू पशुओं का दूध उत्पादन घट जाता है। सामान्यतः इससे मृत्यु नहीं होती, लेकिन ज्यादा संक्रमण या अन्य बीमारी लगने पर जान भी जा सकती है। डॉ. सुरजीत सिंह चौहान ने सलाह दी है कि बीमार पशुओं को तुरंत स्वस्थ पशुओं से अलग करें। चारा-पानी और बर्तन अलग रखें। जूठे चारे को गाडक़र नष्ट करें। पशुशाला को मच्छर, मक्खी, किलनी और जुओं से मुक्त रखें। लक्षण दिखते ही नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र या टोल फ्री नंबर 1962 पर सूचना दें।

## मामला अवैध वसूली का

# साहब ने कहा था अपने को चलना है

**बैतूल।** भीमपुर तहसील के अंतर्गत रातामाटी में डम्फर चालक से अवैध वसूली का मामला तूल पकडऩे लगा है। तहसीलदार की गाड़ी से रातामाटी गए तीन कोटवार और वाहन चालक द्वारा 80 हजार की अवैध वसूली और 20 हजार रुपए फोन-पे पर लिए जाने का मामला सामने आने के बाद अब पूरी कहानी का नया ट्वीस्ट सामने आ गया है। जिस उमेश बामने के नंबर पर फोन पे किया गया था उन्होंने सामने आकर कहा है कि जो भी अवैध वसूली की गई उसके पीछे स्वयं तहसीलदार बरखानिया थे। कर्मचारियों को बस साथ में चलने के लिए मौखिक आदेश दिए गए थे। एक वीडियो के माध्यम से कोटवार उमेश बामने एवं तहसील कार्यालय में पदस्थ भृत्य ने पूरे घटनाक्रम को सिलसिलेवार उजागर किया। जानकारी के अनुसार अवैध वसूली का मामला उजागर होते ही तहसीलदार ने शुक्रवार को ही कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सामने हाजरी लगा दी कि साहब गाड़ी में मैं नहीं था। जब यह जानकारी कोटवारों को मिली तो उन्होंने भी खुलकर अपनी बात रखी। जानकारी के अनुसार कलेक्टर के दरबार में हाजरी लगाने के बाद तहसीलदार ने कोटवारों को नोटिस जारी कर दिए है। अवैध वसूली के खेल में तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू मोहित खेड़ले का नाम भी सामने आया है। रतनपुर के ग्राम कोटवार उमेश बामने ने बताया कि तीन दिन कोटवारों को तहसील कार्यालय में आने के निर्देश दिए गए है। बुधवार को जब वह कार्यालय में थे तब तहसील के बाबू मोहित खेड़ले और तहसीलदार द्वारा उन्हें शाम को साथ में चलने के लिए निर्देशित किया गया था।

### कोटवार को कारण बताओ नोटिस जारी

शुक्रवार रात को तहसीलदार बरखानिया द्वारा कोटवार उमेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें उल्लेख है कि उनके द्वारा 20 हजार रुपए फोन पे पर लिए गए। जिसकी शिकायत डंफर के मालिक सुरेंद्र यादव ने की है। कोटवार के फोन पर कराया गया, ट्रांजेक्शन वरिष्ठ अधिकारी के तहसीलदार को किए गए फोन के बाद वापस कराया गया और यह राशि उमेश के अकाउंट में डालने के लिए जिस नंबर से बात की गई। यह स्पष्ट और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। हमेशा बड़े अधिकारी छोटे कर्मचारियों को मोहरा बनाकर अपना काम निकालते है और इन्हीं छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बना देते है। जानकारी के अनुसार तहसील में पदस्थ चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के लिए भी प्रतिवेदन तहसीलदार द्वारा बनाया गया है। इस पूरे मामले में तहसील से अवैध वसूली के लिए गई पूरी टीम के मोबाइल नंबरों की जांच, लोकेशन और कॉल डिटेल निकाली जाएगी तो स्थिति आइने की तरह साफ हो जाएगी। कोटवार उमेश के पक्ष में कोटवार संघ भी कलेक्टर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर न्यायोचित कारवाई की मांग करेगा। इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम अजीत मरावी और तहसीलदार श्री बरखानिया ने मीडिया से बात करने में दूरी बना ली है।

## छात्रा त्रिशा ने सेंट्रल जोन इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में हासिल किया प्रथम स्थान

# प्रधानमंत्री ने बैतूल जिले की छात्रा त्रिशा को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई की छात्रा कु.त्रिशा तावड़े ने सेंट्रल जोन इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में त्रिशा तावड़े को सम्मानित कर छात्र की सफलता को सराहा। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह में पीएम सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई) सहित अन्य युवाओं की शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया। छात्र त्रिशा ने सेंट्रल जोन में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में 1200 में से 1187 अंक लेकर प्रथम स्थान कर राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान बनाया है। त्रिशा मेरिट सूची में स्थान पाने वाली मध्यप्रदेश की एक मात्र प्रशिक्षणार्थी है। जिसने बैतूल जिले और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया हैं। त्रिशा तावड़े बैतूल के ग्राम भडूस के एक संघर्षशील परिवार की छात्रा है। जिनके पिता अजय तावड़े बस ड्राइवर है एवं मां श्रीमती सुशीला तावड़े गृहणी है। बड़ी बहन एकता तावड़े भी एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल की टॉपर रह चुकी है और वर्तमान में रेलवे में एप्रेंटिश कर रही है। संस्था प्राचार्य ने बताया कि संस्था में सत्र 2024-25 में मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर ट्रेड में छात्र अरविन्द कुमरे ने पुरुष वर्ग में और छात्रा कु निकिता तायवाड़े ने महिला वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### मुख्यमंत्री की मंशानुरूप छात्राओं की उन्नति के प्रयास

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप आईटीआई में छात्राओं की उन्नति और कौशल प्रशिक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे। जिसमें महिला आईटीआई बैतूल में कौशल विकास विभाग द्वारा हुनर पहल के तहत महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। प्रत्येक ट्रेड की प्रशिक्षणार्थी को 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल, इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसी प्रकार हार्टफूलनेस ध्यान प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन एवं हेल्थ क्लब गतिविधि के तहत प्रतिदिन योग एवं कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल विकास विभाग के साथ वाधवानी फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं यूएनएफए के तहत जीवन तरंग कक्षा आयोजित कर जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ड्यूलिंगो एप के माध्यम से जर्मन, फ्रेंच एवं इटालियन भाषा सिखाई जा रही है। जिससे देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी रोजगार की संभावना बन सके। इसी अनुक्रम में प्रोजेक्ट कोड पहल के तहत रवि कोड योगी के माध्यम से कोडिंग डिकोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### बैतूल कलेक्टर सूर्यवंशी ने भी किया सम्मानित

बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने छात्रा त्रिशा को पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने छात्रा की इस उपलब्धि पर माता-पिता की सकारात्मक प्रेरणा, शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल के प्रशिक्षकों, प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा दिए मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने एकलव्य महिला आईटीआई द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे नवाचारो एवं रोजगार प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना करते हुए आईटीआई में महिला प्रवेश में जिला बैतूल को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने में दिए योगदान के साथ शत प्रतिशत प्रवेश पूर्ण करने के लिए बधाई दी। छात्र की इस उपलब्धि पर कौशल विकास विभाग के संचालक गिरीश शर्मा, अतिरिक्त संचालक डीएस ठाकुर, उप संचालक आरके ऑस्टिन ने फोन द्वारा छात्रा त्रिशा तावड़े को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे, नोडल प्राचार्य केशव सातपुते, प्रशिक्षण अधिकारी सचिन सरले, दिलीप कुमार सोनी, विवेक दायमा, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र दुंदुभी, श्रीमती निर्मल बाथरी, प्रशिक्षण अधीक्षक श्रीमती विनीता पाटिल, महेश चौधरी सहित अन्य स्टाफ ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी हैं।

# सतपुडा संकुल से विदा हुए सात कार्मिकों को मुख्य अभियंता ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी से अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सितम्बर माह में 7 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त सभी कार्मिकों का मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार एवं एसएन सिंह अतिरिक्त मुख्य अभियंता, महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन नरेश पनवार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत

किया। नरेश पनवार ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, कर्मचारियों को विभाग की ओर से शाल श्रीफल और मिष्ठान एवं सामुहिक फोटो भेंट किया। इसके साथ ही टीएन मेघश्याम सहायक अभियंता को स्व. सुरक्षा निधी समिति को अनुदान स्वरूप अपनी राशि पुनः वापस करने के लिए समिति की ओर से स्मृति चिन्ह के साथ ही अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। हरिशंकर डिगरसे, अजाबराव वागदरे, सुभाषचंद्र देशमुख, शंकरराव बारस्कर, बलवंतसिंह रघुवंशी और मंचितराव पाटिल को समिति का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अभियंता श्री कैथवार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी कार्मिकों को नये कंपनी केडर के साथियों को सीखना चाहिए। उनके अनुभव की कमी तो सदैव रहेगी। इसके पूर्व टीएन मेघशयाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि 1984 से मंडल की सेवा सतपुडा संकुल, तोतलाडोह, राजघाट जल विद्युत गृह चंदेरी और मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी भोपाल में कार्य किया। स्व सुरक्षा निधि समिती के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि सितम्बर माह में श्रीसिंगाजी ताप विद्युत गृह से समिति के नियमित सदस्य रघुनाथ झरबडे, अशोक पवार को भी भव्य समारोह में सम्मानित किया। समिति कंपनी में विगत कई वर्षों से कार्मिकों के हित में कार्य कर रही है। समिती के नियमित सदस्य का आकस्मिक निधन होने पर आश्रित परिवार को रूपए 75 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।

आईसीयू में एडमिट होने पर साठ हजार रुपए का आर्थिक सहयोग उपचार के लिए बिना ब्याज के दिया जाता है, जो 12 किश्त में वेतन से कटौती कर समायोजित किया जाता है। समिति की स्थापना में संस्थापक सचिव वासुदेव गुरव सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी जबलपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर विशेष रूप से छिंदवाडा से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता आर के मरकाम भी आये। हेमराज शाक्य, उल्हास देशमुख,एस के प्रजापति गोपालराम अरोरा,नितीन नामजोशी स्व सुरक्षा निधी समिती प्रभारी दोंगलिया, जितेंद्र वर्मा, किनशुक नामदेव, सुरेश, अंकुश सहित अनेक सदस्य, कर्मचारी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## एनजीटी निर्देश का पालन कराने बांध के समीप बनाया गया कुंड

# बुकाखेडी बांध में अब तक हुआ 126 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नव दुर्गा उत्सव अब समाप्ति पर है, नगर पालिका ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर तक रखी है। इस वर्ष दुर्गा विसर्जन को लेकर शासन से मिले आदेश के अनुसार राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की गाइडलाइन के पालन हेतु सीधे बांध में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया गया था जिसके चलते नगर पालिका ने बुका खेडी बांध के समीप कुंड बनाकर प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था की है, जिसमें दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के तीसरे दिन तक 126 प्रतिमाओं का विसर्जन बुका खेड़ीबांध के समीप बने गए कुंड में हो चुका है। नगर के अनेक दुर्गा उत्सव मंडल में भंडारा प्रसादी के बाद विसर्जन किया जा रहा है, अब तक क्षेत्र की छोटी बड़ी लगभग 126 प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है और एक अनुमान के आधार पर 40 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार के दिन तक, होना है। दुर्गा विसर्जन को देखते हुए बुकाखेड़ी बांध पर मूर्ति विसर्जन के लिए ,व्यापक प्रशासनिक इंतजाम किए गए हैं।





### ताप्ती एवं शनि सरोवर में भी बनाए गए हैं दुर्गा विसर्जन कार्यालय

बुकाखेड़ी बांध पर नगर पालिका द्वारा किए गए विसर्जन रजिस्ट्रेशन के अनुसार समाचार लिखे जाने तक 126 छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका था। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से ताप्ती सरोवर, शनि सरोवर एवं बुका खेड़ी बांध पर नगरपालिका कर्मचारी एवं पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। ताप्ती सरोवर एवं छोटे तालाब के जल शुद्धीकरण को देखते हुए, सभी प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था नगर प्रशासन द्वारा बुकाखेड़ी बांध में की गई है। किंतु छोटे तालाब एवं ताप्ती सरोवर लाइब्रेरी के पास, नगर पालिका के कार्यालय बनाया गया है जो लोग अपनी प्रतिमाओं को बुकाखड़े नहीं पहुंचा सकते वह नगरपालिका कर्मचारियों को सौंप देते हैं, नगर पालिका इन प्रतिमाओं को अपने साधनों से बुकाखेड़ी पहुंचा रहे हैं, जहां पूरे धार्मिक विधि विधान के साथ इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है।

### विसर्जन में जुटे हैं 65 से अधिक नपा कर्मचारी

नगर पालिका लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व अमले द्वारा दुर्गा विसर्जन को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण नगर में 40 से अधिक नगर पालिका कर्मचारी दुर्गा विसर्जन की व्यवस्था संभाल रहे हैं। गोताखोर निकेश कुरमाडे ने बताया कि रात और दिन मिलकर कल 20 गोताखोर लगाए गए हैं। नगर पालिका ने रात में भी व्यवस्थित विसर्जन हो सके इसके लिए पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था की है। इसके साथ ही जनरेटर की व्यवस्था भी की गई है। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन में दिक्कत ना हो इसके लिए, हाइड्रोजन क्रेन भी रखी गई है। दुर्गा विसर्जन प्रशिक्षित गोताखोरों के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग के एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी विसर्जन स्थल पर तैनात रहे।

### मुलताई देवी विसर्जन के दौरान तालाब में डूबी छात्र का 24 घंटे बाद बरामद हुआ शव

**मुलताई।** निकटतम ग्राम सोनौली में देवी विसर्जन के लिए तालाब पर गई तीन लड़कियां तालाब में डूब गई जिसमें से दो बालिकाओं को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया किंतु एक लडक़ी 16 वर्षीय छात्रा लापता थी जिसे जराज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम 24 घंटे से तलाश कर रही थी जिसका शव आज 11 सरोवर से निकाल लिया गया है । शो को प्रशिक्षण हेतु मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है जहां से अंतिम संस्कार के लिए उसके परिवार जनों को सौप दिया जाएगा। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनोली गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ग्राम के तालाब पर पहुंचे थे। इसी दौरान लक्ष्मी (16), मुस्कान (18) और मोनिका मराठी (11) तालाब में नहाने उतर गईं।

**प्रारूप छ- 3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)**
**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, केसला पोल्ट्री सहकारी सोसाइटी मर्या सुखतवा जिला नर्मदापुरम
पजी. क्र JR/HBD/01 दि.01-5.2014
क्रमांक/नि.अ/02 **सूचना** दिनांक 03/10/2025
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन / विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटी कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 03-10-2020 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 03.10.25 से दिनांक 10-10-25 तक सोसाइटी कार्यालय या कार्यालय सुखतवा में श्री राहुल चौरे लेखापाल को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपतियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 11/10/2025 को दो. 1.00 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
**( कमल चंद गढेंवाल)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**केसला पोल्ट्री सहकारी सोसाइटी मयां सुखतवा जिला नर्मदापुरम**

## खबर संक्षेप

### भंडारे में हजारों भक्तों ने ली प्रसादी

**देवास।** जलवा युवा ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बालगढ़ में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था सयोंजक भाजपा नगर महामंत्री दुर्गेश चिल्लोरिया ने बताया कि भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर नगर निगम सभापति रवि जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल पूर्व पार्षद अर्जुन चौधरी, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी,पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, पार्षद राजा अकोदिया, प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी, प्रदेश मंत्री जुबेर लाला, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, शुभ चौहान, मंडल महामंत्री नवीन सोलंकी, देवेंद्र अटारिया, राजा लोदवाल, विधान अग्रवाल, पंकज घारू,चतर्भुज पटेल,शुक्ला जी, राधेश्याम पटेल, योगेश पटेल, हरिशंकर प्रजापति,राजू सोनी माखन पटेल, दिलीप सगरवंशी, कैलाश गुर्जर, चिंतामन पटेल, प्रदीप सेन, अरुण लोदवाल, विजय जूनवाल, कमलेश सेंधव,राजा ठाकुर, तुषार यादव, गोपाल कप्तान, दीपक पाटिल, कमल पटेल,विकाश मिश्रा,पवन गजावत, शुभम चौहान, जीवन चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बरसते पानी में धधका पाकिस्तानी रूपी रावण

**देवास।** झमाझम बारिश के बीच भी देशभक्ति और उत्साह से सराबोर शहरवासियों ने पाकिस्तानी रूपी रावण का दहन बड़े ही अनोखे अंदाज़ में किया। हिन्दू उत्सव समिति एवं धर्मेंद्र सिंह बैस मित्र मंडल द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी “बासी दशहरा” पर सर्जिकल स्ट्राइक थीम पर आधारित रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विहिप जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, ठा. राजेंद्र सिंह बैस एवं गणेश पटेल रहे। समिति के बैस व सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा ओढ़ाकर किया।

## परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी दल ने की जांच

# शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों की जांच की

### नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर की विधिवत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले एवं जांच दल द्वारा देवास शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान शहर के कई ड्राइविंग स्कूलों का निरीक्षण किया गया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की गई। साथ ही बिना बीमा, फिटनेस, परमिट वाले वाहनों की जांच कर कुल 7 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 40 हजार का चालान काटा गया। अभियान के तहत केलादेवी चौराहा स्थित पाटीदार कार ड्राइविंग स्कूल, इशिका कार ड्राइविंग स्कूल और मुखर्जी नगर में संचालित डोरिया कार ड्राइविंग स्कूल की जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि बिना वैध लाइसेंस के कार ड्राइविंग स्कूलों का संचालन कर रहे थे। आवश्यक दस्तावेज और लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई ड्राइविंग स्कूल बिना वैध लाइसेंस के संचालित होता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति की गाड़ी मौके पर मिली तो उसे जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यह देखा जा रहा है कि स्कूल परिवहन विभाग के निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि प्रशिक्षण देने वाला स्टाफ योग्य है या नहीं, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक वाहन, उपकरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे केवल वैध और पंजीकृत ड्राइविंग स्कूलों से ही प्रशिक्षण लें, ताकि सुरक्षित ड्राइविंग की दिशा में सही मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और सड़कों पर दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके।




### ड्राइविंग स्कूल में ये नियम होना आवश्यक

प्रशिक्षण हेतु कक्षा का होना आवश्यक है। 05 वर्ष का अनुभव प्राप्त चालक होना चाहिए। परिवहन विभाग से जारी लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए। स्वयं का प्रशिक्षण हेतु वाहन होना चाहिए। यातायात नियमों का चार्ट एवं नोट्स होना चाहिए।प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद ही ड्राइविंग सर्टिफिकेट जारी होना चाहिए।

## दर्दनाक घटनाः मां ने 19 माह की बेटी के साथ कुएं में कूदकर दी जान

### पुलिस कर रही मामले की जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के विजयागंज मंडी थाना क्षेत्र के हैबतपुरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना हुई, जहां एक महिला ने अपनी 19 माह की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में मां और बेटी दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हालांकि आत्महत्या के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका उर्मिला कुमावत ने अपने घर के पीछे खेत में बने कुएं में छलांग लगा दी। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। उर्मिला का पति मनीष किसी काम से इंदौर गया हुआ था, जबकि सास-ससुर नलखेड़ा माता मंदिर दर्शन करने गए थे। शाम को जब मनीष घर लौटे तो पत्नी और बच्ची दोनों घर पर नहीं मिलीं। कई बार फोन करने के बाद भी संपर्क नहीं हुआ तो उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की। खेत के पास कुएं के बाहर उर्मिला की चप्पलें पड़ी मिलीं। इसकी सूचना उन्होंने सरपंच को दी, जिसके बाद ग्रामीणों और पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। कुएं में करीब 40 से 50 फीट गहराई तक पानी भरा होने के कारण शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। टीम ने पहले महिला और फिर कुछ देर बाद बच्ची का शव बाहर निकाला।पारिवारिक विवाद की जांच में जुटी पुलिसघटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रूप से आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक कारणों का खुलासा परिजनों से पूछताछ और जांच के बाद ही हो पाएगा।

### कैलादेवी मार्ग पर पेयजल लाइन से पानी बहा, एयरवॉल लीकेज से सड़क पर जलभराव, तेज बहाव से खड़ी कार का सामने का शीशा टूटा

**देवास।** कैलादेवी मार्ग पर शुक्रवार देर रात नगर निगम की पेयजल लाइन में एयरवॉल लीकेज हो गया। लीकेज इतना भीषण था कि हजारों गैलन पानी सडक़ पर बह निकला और आसपास जलभराव हो गया। तेज बहाव के कारण एक खड़ी कार का सामने का शीशा टूट गया, जबकि एक अन्य वाहन में पानी भर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लीकेज के दौरान पानी करीब 40 फीट ऊपर तक उछल रहा था। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग भी रातभर परेशान रहे। मिश्रीलाल नगर क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कैलादेवी मंदिर के पास स्थित इस पेयजल लाइन में कुछ दिन पहले भी समस्या आई थी। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को ही मरम्मत कर इसे ठीक किया था, लेकिन कुछ ही देर बाद यह दोबारा फट गई। नगर निगम की कार्यपालन यंत्री इंदूप्रभा भारती ने बताया कि शिप्रा से देवास आने वाली मुख्य पेयजल लाइन में एयरवॉल लीकेज के कारण यह समस्या आई थी। उन्होंने कहा कि देर रात तक मरम्मत कर ली गई है और अब स्थिति सामान्य है।



### प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी होंगे शामिल

**देवास।** ग्वालियर में 4 से 8 अक्टूबर तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देवास जिले से उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका वर्ग में दीक्षित ठाकुर, अर्पण सिंह, तथा बालक वर्ग में अक्षत जाधव, फैजान शेख, केयूर टेटवाल ,शरद सोलंकी अयान, ध्रुव , कुलदीप, सानिध्य, अभिषेक , गौरव, अमन, प्रथम हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए एशियाई जज प्रवीण ढोबले, राजीव चौहान, शिव प्रजापत, विवेक बंजारे, करिश्मा सोलंकी एवं विद्यालय संचालकों में ज्योति देशमुख , शकील कादरी, उस्मान शेख, सैयद रियाज हसन ने कहा कि ये खिलाड़ी देवास जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता हेतु सभी खिलाड़ियों को उज्जैन संभाग के कोच ऋषभ यादव एवं महिमा साथ ही एवं टीम मैनेजर पुरुषोत्तम राठौर के मार्गदर्शन में रवाना किया गया। यह जानकारी देवास कराते कोच शिव प्रजापत ने दी।

## माता टेकरी मंदिर की दान पेटियों से निकला आस्था का धन पिछले वर्ष की तुलना में तीन लाख रुपए कम रही दान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, शारदीय नवरात्र के बाद एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का साक्षी बना। शनिवार को यहाँ स्थित प्रसिद्ध माता टेकरी के दोनों मंदिरों की लगभग 21 दानपेटियाँ खोली गईं। दानपेटियाँ शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा माता को अर्पित दान, भेंट और मन्नतों से भर गई थीं। दानपेटियों की गिनती का कार्य प्रशासन ने पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ किया। कार्य में राजस्व, पुलिस विभाग के 100 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष सम्पन्न हो। प्रारंभिक गिनती में दानपेटियों से भारी मात्रा में भारतीय मुद्रा प्राप्त




हुई है। इसके अलावा, चांदी के आभूषण भी मिले हैं, जो श्रद्धालु माता को भेंट स्वरूप अर्पित करते हैं। विशेष बात यह रही कि इस बार भी दानपेटियों से सिंगापुर, नेपाल और सऊदी अरब के नोट मिले हैं। यह इस बात का संकेत है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी देवास की माता टेकरी में गहरी आस्था रखते हैं। दानपेटियों से केवल मुद्रा और आभूषण ही नहीं निकले, बल्कि श्रद्धालुओं द्वारा लिखी गई मनोकामना की पर्चियां और पत्र भी मिले हैं। इन पर्चियों में भक्तों ने अपने जीवन से जुड़ी कठिनाइयों, इच्छाओं और समस्याओं का समाधान माँ से माँगा है। कुछ भक्तों ने अपने गंभीर रोगों से मुक्ति, रोजगार, विवाह, संतान सुख, आदि के लिए माता को पत्र लिखकर प्रार्थना की है। यह नजारा माता के प्रति गहरी श्रद्धा और भरोसे को दर्शाता है। दानपेटियों में मिली मुद्राएं, आभूषण, विदेशी नोट और मनोकामनाओं से भरी पर्चियां यह सिद्ध करती हैं कि लोगों के दिलों में माता टेकरी के प्रति कितनी गहरी आस्था है।इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में तीन लाख रूपये के लगभग दान राशि कम रही।पिछले शारदीय नवरात्र को 55 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ। था वहीं इस वर्ष 52 लाख रूपये का दान प्राप्त हुआ।

## धावड़िया गांव में करंट लगने से हुई अमरपुरा निवासी युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम अमरपुरा निवासी एक युवा, मजदूर छोड़ने ग्राम धावड़िया के खेड़ा गांव गया था। जहां पर उसे करंट लगने से मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस थाना बागली से मिली जानकारी के अनुसार मृतक गणेश उर्फ कन्हैया पिता संतोष यादव निवासी ग्राम अमरपुरा मजदूर छोड़ने ग्राम पंचायत धावड़िया के गांव खेड़ा गया था। जहां पर उसकी करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, मौका पंचनामा बनाया गया है। शव



को शासकीय अस्पताल बागली लाया गया। जहां पर शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि प्रथम दृष्टि में करंट लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी अनुसार मृतक खेती किसानी का काम करता था जो कि प्रतिवर्ष सोयाबीन कटाई के लिए गांव खेड़ा से मजदूर लेकर आता था और काम होने पर उन्हें छोड़ने जाता था। शुक्रवार शाम को मृतक मजदूर को छोड़ना उनके गांव गया था। जहां पर उसे करंट लग गया और वहीं पर मौत हो गई। हालांकि करंट किन कारणों से लगा है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। हालांकि पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

## गुलाल से पटी नगर की सड़कें, ग्यारस के दिन विधिविधान से किया विसर्जन

# नम आंखों से दी नगरवासियों ने मां जगदंबे को विदाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर मे वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी ग्यारस के दिन विधिविधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुर्गा पंडालों में नवमी को विशेष हवन पूजन किया गया। नौ दिवसीय नवरात्रि के बाद ग्यारस को नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलुस निकाला गया।

नगर मे शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन जुलुस निकाला गया जो पारंपरिक जुलूस मार्ग से होता हुआ रानी दमयंती तालाब की पाल पर जाकर समाप्त हुआ। तालाब पर महाआरती की गई। जुलूस में नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बैंडबाजे, डीजे के साथ माता जी की प्रतिमा लाई गई। साथ ही नगर में इस जुलूस का बड़े हनुमान चौक में मंच बनाकर संस्था सांवरिया सेठ, रपट पर टीम राजेश सोनकर त्रिमूर्ति चौक पर खिचड़ी वितरित की गई। नगर परिषद कार्यालय के सामने मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, मनीष यादव, सचिन यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, संदीप चावड़ा, राजेंद्र यादव,भादर सिंह भाटिया, सहित नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा स्वागत किया गया। छोटे हनुमान चौक में रावड़ी ग्रुप के द्वारा स्वागत किया गया व बस स्टैंड पर लोधी समाज के द्वारा भी स्वागत एवं खिचड़ी वितरण की गई। वहीं जगह-जगह युवाओं द्वारा डीजे लगाकर स्वागत रखा गया था। नगर मे जगह जगह मंच बनाकर गुलाल की वर्षा की गई। जुलुस मे रानी दमयंती तालाब पर नगरवासियों के साथ सोनकच्छ एसडीएम प्रिया चंद्रावत, सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे ,नायब तहसीलदार नेहा शाह, भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, विद्युत मंडल सुपरवाइजर मंसूर अली राजस्व विभाग से पटवारी अशोक चौहान,थाना भौरासा के स्टाफ के साथ सोनकच्छ टोकखुर्द का भी पुलिस बल बुलवाया गया था एव राजस्व नगर परिषद का सम्पूर्ण स्टाफ भी मौजूद रहा। वही क्रेन व गोताखोरों की मदद से नगर परिषद भौरासा ने मूर्तियों को विसर्जन करवाया।

### श्रद्धा क्लब और मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के पोस्टर बने चर्चा का विषय

नगर में आज जहां माता विसर्जन चल समारोह बड़ी ही शांतिपूर्ण तरीके से निकला पूरे नगर की सड़के गुलाल से पटी हुई थी वही सबकी नजर नगर की दो झांकियों पर थी जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बनी हुई थी इसमें युवा आगे आगे पोस्ट लेकर चल रहे थे श्रद्धा क्लब के पोस्ट पर लिखा हुआ था,क्या आपकी बहन- बेटी किसी वामपंथी- मजहबी की संगत में है तो समझ लीजिए कि उसकी जान और इज्जत दोनों संकट में है,तो वहीं एक दूसरे पोस्ट पर लिखा हुआ था, जब नोटबंदी और लोकडाउन का फैसला एक रात में हो सकता है। तो गौहत्या एक रात में बंद क्यों नहीं हो रही है। वही टीम मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के पोस्ट पर लिखा हुआ था, देश की बेटी अपनी बेटी रास्ते में खड़ी हर लड़की को घूरने वालों भगवान तुम्हें चांद से भी सुंदर बेटी दे,वही मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के दूसरे पोस्ट पर लिखा हुआ था,माफ करना मां रिल स्टोरी और इसनेप चेट के चक्कर में हम आपके हाथ जोड़कर दर्शन करना भूल गए है, जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बने हुए थे।

## ॐ महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया नवरात्र का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ॐ महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मण्डल के तत्वाधान में सार्वजानिक राज राजेश्वरी नवदुर्गा माता मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का 19 वा वर्ष सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सभी के सहयोग ओर स्नेह से दस दिवसीय उत्सव, कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुए है। शुक्रवार को कन्या भोजन, भंडारा प्रसाद जटाशंकर महंत श्री श्री 1008 बद्रीदास महाराज व अन्य संत मंडली के सानिध्य में सम्पन्न हुआ एवं सभी गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरुस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम में प्रदत्त समस्त पुरुस्कार बागली सरकार राजा राघवेंद्र सिँह द्वारा समिति को प्रदान किए गए।सामाजिक कुरीतियों से लड़ने हेतु आयोजित प्रतियोगिता में सेंट जॉन स्कूल चापड़ा की टीम ने प्रथम पुरुस्कार 7100रु एवं ट्रॉफी, मोबाइल के व्यर्थ उपयोग ओर हानि मंच से दर्शाने वाले बागली के बच्चो को द्वितीय(पुरुस्कार एवं ट्रॉफी) एवं स्वच्छता संदेश देते बागली के एक समूह को तृतीय पुरुस्कार समिति द्वारा दिए गए।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती शिवहरे, वरिष्ठ समाजसेवी गीता प्रवीण चौधरी, अरूणा त्रिपाठी, दाखा कारपेंटर, संध्या शिवहरे तथा ललिता राजपूत के करकमलों से सभी बाल कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य वारिस अली ने किया।

## खबर संक्षेप

### किसान संघ ने की मांग सोयाबीन की खरीदी में छलावा न हो

**आष्टा।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गुरुवार को कृषि उपज मंडी के बैठक कक्ष में हुई। इसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बलराम जयंती उत्सव, किसान दिवस और 15 तारीख के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इसके बाद किसानों की समस्याओं पर बात हुई। अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा, सोयाबीन खरीदी में किसानों के साथ कोई छलावा न हो। भावांतर योजना में पूरी फसल का समर्थन मूल्य के बराबर भुगतान मिले। पिछले साल के बीमा क्लेम का भुगतान अब तक नहीं हुआ। इस साल सोयाबीन में कई बीमारियों से नुकसान हुआ। किसानों को राजस्व, बिजली और सहकारिता विभाग से जुड़ी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। रबी सीजन की तैयारी को लेकर भी चिंता जताई गई। बिजली की आपूर्ति निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण हो। सरकारी दफ्तरों में किसानों को लटकाने-भटकाने की व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर, मोतीलाल मंडलोई, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, तहसील मंत्री विनोद, तहसील उपाध्यक्ष शिवनारायण, मांगीलाल, ज्ञान सिंह, विजेंद्र सिंह ठाकुर, अखिलेश जैन, नवीन शर्मा सहित कई किसान कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कदमताल करते हुए निकले स्वयंसेवक

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्षगांठ पर गुरुवार को बिलकिसगंज में भव्य पथ संचलन निकाला गया। झागरिया खंड के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक परंपरागत गणवेश में अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए भारत माता की जयघोष और देशभक्ति गीतों के साथ आगे बढ़े। पथ संचलन उप गल्ला मंडी से शस्त्र पूजन के बाद शुरू हुआ। मुख्य मार्गों से होता हुआ झागरिया जोड़ पहुंचा। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद संचलन पुलिया चौराहा, बस स्टैंड, भवानी चौक, मंदिर कॉलोनी से होकर निकला।

### आष्टा में तीन स्थानों पर हुआ रावण दहन, शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला चल समारोह


# हमारे त्योहार वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा: रायसिंह मेवाड़ा





चल समारोह परंपरानुसार भाऊबाबा मंदिर से प्रारंभ हुआ। आयोजन स्थल पर रावण का विशाल पुतला दहन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा







गुरुवार को आष्टा ब्लॉक में आसुरी शक्तियों पर सद्भाव और सदवृत्ति की विजय का पर्व दशहरा नगर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व का चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। विजयदशमी पर्व पर चल समारोह शहर के भाऊबाबा मंदिर से शुरू हुआ जो की बुधवारा, परदेसीपुरा, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, पुराना बस स्टैंड, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार होता हुआ पुराना दशहरा मैदान के बाद कन्नौद रोड स्थित मुख्य दशहरा मैदान पहुंचा जहां पर राम रावण युद्ध हुआ और उसके बाद रावण के साथ-साथ में, कुंभकरण के पुतले का भी दहन किया गया। बता दे की इस बार आष्टा शहर में तीन स्थानों पर रावण दहन किया गया पहले अलीपुर, दूसरा पुराना दशहरा मैदान और तीसरा नया दशहरा मैदान पर रावण दहन किया गया साथ ही दूसरे दिन यानी शुक्रवार को खड़ी में रावणदहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और तीसरे दिन ब्लॉक के कजलास में रावणदहन होगा। इस अवसर पर आष्टा नगर में दशहरा पर्व मिल जुल कर प्रेम और उल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। जगह जगह दशहरा चल समारोह का सामाजिक, संस्थाओं, जनप्रतिनिधियो ने स्वागत सम्मान किया।

#### नगर पालिका ने किया स्वागत

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी का चल समारोह परंपरानुसार भाऊबाबा मंदिर से प्रारंभ हुआ जो गाजे-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ खंडेलवाल चौराहा पहुंचा, जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में चल समारोह में शामिल दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी, सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठजनों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ चल समारोह में शामिल मां दुर्गा मंडल अध्यक्षों, अखाड़ा उस्तादों, बैंक संचालकों आदि का साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। चल समारोह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, वीर बजरंगी व दशानन के वेशभूषा में आकर्षक रथ पर सवार कलाकारों का नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने तिलक लगाकर आरती उतारी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में पर्व-त्यौहारों का एक अलग ही महत्व है। हर त्यौहार समाज और परिवार की मजबूती को बढ़ाता है। विजयादशमी दशहरा सभी के सुख की कामना करने वाली और सबकी आस्थाओं को समान आदर-सम्मान देने और वसुधैव कुटुंबकम्‌ की भावना रखने वाली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय त्यौहारों की सबसे अच्छी बात यह है कि उनमें से अधिकांश अपने साथ एक नैतिक शिक्षा लेकर आते हैं। ऐसा ही एक प्रसिद्ध त्यौहार दशहरा है। यह पावन पर्व चाहे कुछ भी हो, सत्य की हमेशा विजय होती है इस बात का संदेश लेकर आता है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, पार्षदगण रवि शर्मा, तारा कटारिया, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, तेजपाल मुकाती, विशाल चौरसिया, उमेश शर्मा, नगर महामंत्री मोहित सोनी, मनीष धारवां, पवन वर्मा, रूपाली चौरसिया, चेतन वर्मा, कुशलपाल लाला, पूरणसिंह मेवाड़ा, दीनानाथ परमार, रोहित सेन आदि मौजूद थे।

#### कार्तिकेय चौहान हुए शामिल

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में इस बार विशाल चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल पर रावण का विशाल पुतला दहन किया गया। इस दौरान दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय चौहान भी प्रमुख रूप से शामिल हुए।इस दौरान राहुल वाल्मीकि ने कार्तिकेय चौहान का स्वागत किया तो प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर कार्तिकेय चौहान ने आष्टा के दशहरा पर्व की भरपूर तारीफ की और कहा कि वाकई बड़े शहरों की तर्ज पर आष्टा में भी दशहरा मनाया गया है और यह बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की भीड़ इस बात की गवाही है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंबर राय सिंह मेवाडा, समाजसेवी जितेंद्र कैलाश सोनी, मोहित सोनी,वीरेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवरात्रि पर्व के समापन के साथ जगह-जगह हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को शहर के विभिन्न माता के पांडालों में में पूजा अर्चना के साथ कन्या भोजन, भंडारे का आयोजन हुआ और इसी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन हुआ।

दिन भर माता रानी की प्रतिमाओं का पार्वती नदी के पास स्थित सर्वधर्म कुंड में विसर्जन हुआ। बता दे की नवरात्रि पर्व के दौरान पूरे शहर में माता रानी के दरबार में भक्त भक्ति में लीन थे गुरुवार को नवरात्रि के समापन के साथ ही सुबह से माता रानी के दरबार में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सर्वधर्म को में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन पार्वती नदी के पास स्थित रेस्ट हाउस के नजदीक सर्वधर्म कुंड में शहर की माता रानी के प्रतिमाओं का पूजा अर्चना के बाद विसर्जन किया।

बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया। यहां पर पुलिस बल के साथ-साथ नगर पालिका के गोताखोर भी तैनात रहे। इन स्थानों पर कन्या भोजन, भंडारे का आयोजन शहर के अलीपुर , माता चौक नजर गंज, बजरंग कॉलोनी, बंजारी धाम माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया यहां पर सुबह से लेकर दोपहर 2 बजे तक भंडारे का आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे: गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि के छात्र गोविंद मालवीय ने हायर सेकण्डरी परीक्षा 2025 की राज्य प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया था। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने गोविंद मालवीय को दो पहियां वाहन की चाबी सौंपी और कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में हरसंभव प्रयास किया जाएंगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वो मन लगाकर पढ़ाई करें और अपनी रूचि के खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता कर उस क्षेत्र में अपने हुनर का प्रदर्शन करें। इस वर्ष गोविंद मालवीय और अंषिका वर्मा को दो पहियां वाहन मिले है। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल के द्वारा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जा रही है। खेलकूद और अन्य सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि क्षेत्रों में भी विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी का परिणाम है, कि विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्षन कर रहे है। सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पंकज मालवीय ने सॉफ्टबाल, योगेश मेवाड़ा, सचिन, पियूष और आनंद रेकवाल ने राज्य स्तर सॉफ्टबाल में क्रिकेट में राज्य स्तर पर मोहिनी अवलोसिया और कबड्डी में राज्य स्तर पर मुस्कान मेवाड़ा, नंदनी वर्मा, भूमिका मेवाड़ा, सलोनी मेंवाड़ा, मुस्कान रेकवाल, षिवानी, निकिता मेवाड़ा, रोशनी मेवाड़ा, विनिता सेन, ज्योति परमार, राधा मेवाड़ा, रीया महेश्वरी, योगेश मेवाड़ा ने सहभागिता की। कुछ ही दिनो पूर्व ही महेन्द्र वर्मा ने फ्रीस्टाइल कुश्ति और माही कंडारे ने वेटलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर पदक प्राप्त किए है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, प्राचार्य सितवत खान और विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, जितेन्द्र मेवाड़े, पदमा परमार, भूपेन्द्र सिंह, पवन राया, सतीष वर्मा, खेलकूद ब्लाक समन्वयक डी.एस. मांडवा, सुनदां वर्मा, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### गांधी जयंती के अवसर पर 144 ग्राम पंचायतों में मनाया गया स्वच्छता दिवस

# सफाई मित्रों को सम्मानित कर डिग्निटी कार्ड वितरित किए





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक दैनिक कैलेंडर अनुसार स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन और कलेक्टर बालगुरु के. के नेतृत्व व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन टाले के निर्देशन में 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत -अंतर्गत शामिल 144 ग्राम पंचायतों स्वच्छ दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों को सम्मानित कर विभिन्न योजनाओं से पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जा कर कर डिग्निटी कार्ड वितरित किए गए।

ग्राम पंचायत-मेहतवाड़ा में आयोजित ग्राम सभा में 20 सफाई मित्रों को फूल-माला से सम्मानित कर ग्राम पंचायत द्वारा डिग्निटी कार्ड वितरित किए गए। ग्राम सभा में जनपद पंचायत-आष्टा से उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना के ब्लॉक समन्वयक गौरव सिंह राठौड़ द्वारा शासन द्वारा जारी विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की गई। जिसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय,ग्राम स्तर पर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की कर वसूली (ओएसआर), मनरेगा योजना अंतर्गत विभिन्न उपयोजनाओं पर चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों पर चर्चा, स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण अंतर्गत गांव व ग्राम पंचायत के ओडीएफ प्लस के स्थायित्व पर चर्चा, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग ,सामाजिक न्याय विभाग,महिला बाल विकास विभाग, किसानो के लिए भावांतर योजना-2025, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान व ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ दशहरा मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

साथ ही नवरात्रि उत्सव के समापन के अवसर पर भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं माँ दुर्गा मूर्ति के विसर्जन के समय आवश्यक सावधानी बरतने तथा शासन-प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की समझाइस दी गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान अजैविक सामग्री को पानी में नहीं बहने तथा उसका सुरक्षित निपटान करने के लिए संबंधित समितियों को जानकारी दी गई। ग्राम सभा में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, सरपंच, सचिव, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

## कुरावर मंडल में संघ ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकाला संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जावर खण्ड के कुरावर मण्डल मे संघ शताब्दी वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकाला।

संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त है प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है मुख्य वक्ता सीहोर जिला प्रचारक ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है। पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, आज समाज के हर क्षेत्र संघ के कई प्रकार के विविध संगठन समाज परिवर्तन के कार्य मे लगे है। जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के बीच में रखा।